तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 नगर में 25 दिवसीय योग शिविर का हुआ शुभारंभ



12 शासकीय भूमि गौठान पर अवैध अतिक्रमण...



## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** हाईवेयर दुकान में काम करने वाले एक युवक के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रिंकू साहू निवासी वार्ड नं. 18 गुडरूपारा शिव चौक 24 मार्च को सायकल से बरोंडा चौक की ओर काम से जा रहा था। मलेरिया आफिस के पास करीब 10:30 बजे पहुंचा था, तभी आरोपी ने प्रार्थी को पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### महुआ शराब बेच रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस न कोसमर्रा रोड में पेड़ के नीचे शराब रखकर बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे दो लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची, इस दौरान एक व्यक्ति भाग गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम शिवेंद्र साहू पिता रामकुमार साहू (21 साल) खुर्सीपार थाना कोमाखान का रहने वाला बताया और फरार व्यक्तिका नाम भूपेंद्र साहू पिता देवकुमार साहू (32 साल) निवासी खुर्सीपार बताया। उसके कब्जे से कब्जे से 5 लीटर हाथ भठ्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 1000 रुपएको जब्त किया गया।

### घर में घुसकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम अमलोर में घर घुसकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्यारे लाल यादव पिता निजाम यादव (55 साल) ने बताया कि अपने परिवार के साथ 23 मार्च को शाम करीब 7 बजे कबीर साहेब का घर में आरती कर रहा था, उसी समय गांव का राजाराम ध्रुव पिता सियाराम ध्रुव आया और गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# तुमाडबरी में हो रहा था बोर का अवैध उत्खनन, बोरवेल वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्लालय के समीपस्थ ग्राम तुमाडबरी में बिना अनुमति बोर खनन किए जाने के मामले में प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए दो वाहनों जब्त किए जाने की कार्रवाई की गई है। सोमवार शाम बगैर अनुमति बोर खनन की सूचना पर एसडीएम हरिशंकर पैंकरा के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में बोरवेल वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजे 2316 एवं सपोर्ट वाहन सीजी 04 एम जेड 0649 को जब्त किया गया।

प्रशासन को सूचना मिली कि ग्राम तुमाडबरी के खेमाराम साहू के बाड़ी में बिना किसी आधिकारिक स्वीकृति के बोर खुदाई की जा रही है। इस पर तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू एवं नायब तहसीलदार मोहित अमिला की टीम मौके पर पहुंची और खुदाई कार्य को रुकवाया। जांच में यह सामने आया कि संबंधित व्यक्ति के पास बोर खुदाई की कोई अनुमति नहीं थी। इसके बाद एसडीएम के निर्देशानुसार दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया। इस मौके पर मौजूद ग्रामीणों के समक्ष पंचनामा तैयार कर वाहनों को कोतवाली थाना को सौंप दिया गया।






### जानकारी मिलने पर हुई कार्रवाई

जागरुक नागरिकों द्वारा शासन प्रशासन को इस अवैध कृत्य की जानकारी दी गई तब यह कार्रवाई संभव हो पाई है। प्रशासनिक अफसरों को इस बात की जानकारी ली जानी चाहिए कि आखिर बोर उत्खननकर्ताओं ने कितने जगहों पर अवैध तरीके से बोर खनन को अंजाम दिया है। आशंका है कि यह संख्या सैकड़ों की संख्या में निकलकर सामने आएगी।

**घटना: स्टेशन से बाहर फाटक के पास करीब 15 मिनट तक खड़ी रही ट्रेन**

# यात्री के बैग की चोरी का प्रयास, ट्रेन रूकी तो सामान फेंककर भाग गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन में मंगलवार दोपहर पुरी-अजमेर ट्रेन में एक यात्री के बैग को चोरी का प्रयास करने का मामला सामने आया। ट्रेन में सवार यात्री का सामान लेकर एक अज्ञात चोर महासमुंद स्टेशन में उतरकर भागने लगा। जिसकी जानकारी होने पर पर पानी लेने उतरे यात्री ने दौड़कर ट्रेन की चैन पुलिंग की और अज्ञात चोर के पीछे भागा। यात्री को आता देखकर चोर सामान को स्टेशन पर ही फेंककर भाग निकला। चेन पुलिंग के बाद ट्रेन स्टेशन से बाहर फाटक के पास करीब 15 मिनट तक खड़ी रही। इसके बाद आरपीएफ की टीम यात्री को सामान के साथ थाने लेकर आई और ट्रेन को रवाना किया गया। मामले में आरपीएफ पुलिस ने अपने सामान की रक्षा में लापरवाही बरतने और चेन पुलिंग करने को लेकर यात्री के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 141 के तहत मामला दर्ज कर यात्री को दूसरे ट्रेन में बैठाकर रवाना किया है।



आरपीएफ के अनुसार, पुरी-अजमेर एक्सप्रेस से भुवनेश्वर निवासी फंगन दास परिवार के साथ सूरत वापस लौट रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब 12:05 बजे पुरी-अजमेर ट्रेन महासमुंद स्टेशन पर रुकी। जनरल बोगी में सफर कर रहा यात्री फंगन पानी लेने स्टेशन में उतरा, जिसका फायदा उठाकर ट्रेन में सफर कर रहा एक अज्ञात चोर उसका सामान लेकर ट्रेन से नीचे उतर गया और भागने लगा। जिसे देखकर लोगों ने यात्री को आवाज दी, इस बीच ट्रेन स्टेशन से चल पड़ी। जिसपर यात्री ने दौड़कर ट्रेन में चेन की पुलिंग की और उतरकर चोर के पीछे भागने लगा। यात्री को आता देखकर सामान को अज्ञात आरोपी स्टेशन पर ही फेंककर चोर भाग निकला। चेन पुलिंग के कारण ट्रेन, स्टेशन से बाहर फाटक के पास करीब 15 मिनट तक खड़ी रही। मौके पर पहुंचे आरपीएफ के जवान यात्री को सामान के साथ थाने लेकर पहुंचे और ट्रेन को रायपुर की ओर रवाना किया गया। पूछताछ के दौरान यात्री ने पूरी आपबीती सुनाई। जिसके बाद सामान की सुरक्षा में लापरवाही बरतकर चैन पुलिंग करने पर रेलवे एक्ट की धारा 141 के तहत मामला दर्ज किया और दूसरे ट्रेन में यात्री को बैठाकर सूरत भेजा गया है।

# पहली से चौथी की परीक्षा 28 से, समय-सारिणी घोषित

- पहली से चौथी की परीक्षा 28 से प्रारंभ होगी और छठवीं से सातवीं की परीक्षा 27 मार्च से




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला की परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी है। पहली से चौथी की परीक्षा 28 मार्च से प्रारंभ होगी और छठवीं से सातवीं की परीक्षा 27 मार्च से होगी। पहली से चौकी की परीक्षा 28 मार्च से पांच अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा का समय सुबह 8 से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं छठवीं और सातवीं कक्षा के छात्रों की परीक्षा 8 से 11 बजे तक निर्धारित की गई है। परीक्षा के लिए तीन घंटे का समय दिया गया है। 27 मार्च से 7 अप्रैल तक परीक्षा होगी।

इधर, बोर्ड की परीक्षा और पांचवीं और आठवीं कक्षा की केंद्रीयकृत परीक्षा भी चल रही है। इस बार 10 अप्रैल से पहले ही सभी छात्रों की परीक्षा समाप्त हो जाएगी। जिला शिक्षा विभाग के द्वारा समय सारिणी जारी कर दी गई है। स्कूल के छात्र व पालक समय सारिणी का अवलोकन स्कूलों में कर सकते हैं।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद लीलाधर सिन्हा ने बताया कि समय सारिणी जारी कर दी गई है। प्रश्न-पत्र भी तैयार हो चुके हैं। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच शाला स्तर पर ही की जाएगी।

## यौन उत्पीड़न की शिकायत पर तेंदूपत्ता प्रभारी के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिथौरा वन विभाग कार्यालय अंतर्गत तेंदूपत्ता प्रभारी द्वारा अपने सहकर्मी महिला से अनैतिक कृत्य के लिए पेशकश किए जाने की शिकायत के बाद मामले में पुलिस ने तेंदूपत्ता प्रभारी सत्यम कुमार कश्यप के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस धारा 75(2) के तहत यौन उत्पीड़न का अपराध दर्ज किया है। मामले में कुछ दिन पूर्व पीड़िता ने पुलिस और वन अफसरों से शिकायत की थी। वन विभाग में गठित विशाखा समिति अलग से मामले की जांच कर रही है। पीड़िता ने शिकायत में सत्यम कुमार पर आरोप लगाया था कि 18 मार्च को दोपहर उसने तेंदूपत्ता संबंधी कार्य के लिए फोन कर अपने कार्यालय बुलाया। कार्यालय पहुंचने पर आरोपी ने उसके समक्ष यौन संबंध बनाने का प्रस्ताव रखा। अभद्र और अश्लील बातें की। पीड़िता ने शिकायत में आगे बताया कि आरोपी की बातें सुनकर वह लज्जित हुई तथा उसका विरोध करते हुये वहां से निकल गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने उक्त अपराध दर्ज किया है।

- पीड़िता ने शिकायत में सत्यम कुमार पर लगाया था आरोप

# 10वीं-12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दसवीं-बारहवीं बोर्ड की मुख्य विषय की परीक्षा समाप्त होने के बाद अब उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से शुरु होने जा रहा है। जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उमाशा को केंद्रीय मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है।

मूल्यांकन आज 26 मार्च से शुरू होगा, जिसके लिए उत्तर पुस्तिकाएं यहां पहुंच चुकी है। बता दें उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन इस बार 2 चरणों में होगा। प्रथम चरण 26 मार्च तथा द्वितीय चरण 4 अप्रैल से होगा। प्रथम चरण में 18 तक हुई परीक्षाओं के पर्चे जांचे जाएंगे। जबकि, द्वितीय चरण में 18 के बाद हुई परीक्षाओं के पर्चे जांचे जाएंगे। मूल्यांकन के लिए सभी तैयारी पूरी हो चुकी है इसके लिए 600 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। इसे लेकर सभी स्कूलों के प्राचार्यों को आदेश जारी किया जा चुका है कि वे मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों को 26 से मूल्यांकन ड्यूटी के लिए मुक्त कर दिया जाए। 26 मार्च को प्रथम दिन भी जरूरी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बार दसवीं के पर्चे की जांच हेतु 10 रुपए तथा बारहवीं के लिये 11 रुपए प्रति उत्तर पुस्तिकाएं दी जाएगी।




केन्द्रीय मूल्यांकन अधिकारी हेमेंद्र आचार्य ने बताया कि केन्द्र में उत्तर पुस्तिकाओं की पहली खेप पहुंच चुकी है। आज उत्तर पुस्तिकाओं को विषयवार जमाने के बाद गिनती कर मिलान किया जाएगा। इसके बाद ही मूल्यांकन शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मूल्यांकनकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रथम दिन शॉर्ट प्रशिक्षण और भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि छग माध्यमिक शिक्षा मंडल अध्यक्ष रेणु पिल्ले, सचिव पुष्पा साहू तथा जिला शिक्षा अधिकारी का स्पष्ट निर्देश है कि मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए और प्रतिदिन मूल्यांकन किया जाए।



## 15 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**महासमुंद।** उच्च न्यायालय की अवमानना सहित करणी कृपा पावर प्लांट के औद्योगिक प्रदूषण के विरोध में निकाली गई ट्रैक्टर रैली पर कार्रवाई कराकर किसानों की गिरफ्तारी, ट्रैक्टर जब्ती के विरोध में 27 मार्च को छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदारों के माध्यम से मुख्यमंत्री को 15 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। इस संबंध में हुई बैठक का संचालन जिला संगठन प्रभारी अशोक कश्यप ने किया।

# शहर में सफाई कर्मियों के लिए नई व्यवस्था संबंधित वार्ड पार्षद के घर लगाएंगे हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू दिए निर्देश, सभी वार्डों में 2-2 सफाई कर्मी की लगेगी ड्यूटी

नगर पालिका के सफाई कर्मियों के लिए अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर नई व्यवस्था शुरू की है। इस व्यवस्था के तहत अब सफाई कर्मी संबंधित वार्ड पार्षद के घर अपनी उपस्थिति देंगे। इसके लिए सभी वार्डों के पार्षदों के घरों में प्रति माह का उपस्थिति पत्रक दिया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन कर्मचारी अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने इस संबंध में सफाई विभाग को निर्देश दिया है। उन्होंने सभी वार्डों में दो-दो सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने कहा है। जिस वार्ड में सफाई कर्मी की ड्यूटी है। वहीं पर उनकी उपस्थिति लगवाने का निर्देश दिया है। इसके लिए पार्षद आवास में प्रतिमाह का उपस्थिति पत्रक भी रखने कहा है, ताकि कर्मचारी अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें।



पालिकाध्यक्ष ने स्वच्छता प्रभारी को सफाई कर्मचारियों को पर्याप्त सफाई उपकरण सहित पहचान पत्र प्रदाय करने के भी निर्देश दिये हैं। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर पालिका का प्रमुख अंग है। शहर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रहेगी तो शहर सुंदर दिखेगा। वार्डों में सफाई को लेकर उनके पास शिकायतें नहीं पहुंचनी चाहिए और सभी सफाई सुपरवाइजर अपने वार्डों में काम कर रहे कर्मचारियों के साथ तालमेल बनाकर काम करें। अक्सर देखा जाता है कि शहरवासियों की शिकायतें रहती हैं कि सफाई कर्मचारी आम जनता की समस्याओं को अनदेखा करते हैं। जिस पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारी कोई भी हो, उसे अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी।



## खबर संक्षेप



### राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का महापौर मीनल चौबे ने किया स्वागत

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू रविवार को राजधानी पहुंचीं। माना एयरपोर्ट पहुंचने पर शहर की प्रथम नागरिक महापौर मीनल चौबे ने उनका बुके देकर आत्मीय स्वागत किया। भारत गणराज्य की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के विशेष कार्यक्रम में भाग लेने रायपुर पहुंचीं। शहर के माना हवाई अड्डे में पहुंचने पर रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने राजधानीवासियों की ओर से उनका गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

### मांडविया से मिले भाजपा के मीडिया प्रभारी



**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने सपरिवार नई दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले, खेल, श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की और उन्हें उनके उपलब्धिपूर्ण कार्यकाल की बधाई दी और उनसे छत्तीसगढ़ आने का अनुरोध किया। इस अवसर पर श्री चिमनानी ने डॉ. मांडविया के जन्म से लेकर अब तक के जीवन-वृत्त पर लिखी स्वरचित कविता भेंट की। श्री चिमनानी ने बताया कि डॉ. मांडविया के मार्गदर्शन में इस वर्ष जनवरी में स्वामी विवेकानन्द की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 नई दिल्ली के भारत मंडपम्‌ में आयोजित किया गया था। यह युवाओं को विकसित भारत के लिए नवीन समाधान प्रस्तुत करने के लिए मंच प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ है। डॉ. मांडविया ने पिछले लगभग एक दशक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री के तौर पर दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

### यादव ठेठवार समाज की सामाजिक समरसता यात्रा

**रायपुर।** यादव ठेठवार समाज ने सामाजिक समरसता और एकता के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण यात्रा शुरू की है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि इस यात्रा को दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने रायपुर राज ठेठवार समाज मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा का उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता, गतिशीलता और सक्रियता को बढ़ावा देना, सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना को जागृत करना। यात्रा में रामसिंह यादव, परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष, नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव, पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, नवीन यदु, हरिराम यदु एवं अन्य समेत मध्यप्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के सामाजिकजन शामिल हुए।

### विश्वविद्यालय प्रशासन को एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा शुल्क में बेतहाशा वृद्धि कर छात्रों पर आर्थिक बोझ डालने के खिलाफ सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन रायपुर जिला इकाई ने उग्र विरोध प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई के जिला सचिव संस्कार पांडे के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने इस फैसले का विरोध किया और इसे बीजेपी सरकार की छात्र विरोधी मानसिकता का नतीजा बताया।

# 59 दुकानों का आवंटन माहांत तक, इसके बाद अटैच दुकानों के लिए मंगाए जाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में उचित मूल्य दुकान के हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए इसी माह 55 और नई दुकानें खुलेंगी। इसके अलावा 4 पुरानी दुकानों को फिर से आबंटित किया जा रहा है। इस तरह शहर में 59 नई दुकानें शीघ्र खुल जाएंगी। इन दुकानों के लिए आवेदन की प्रक्रिया पहले ही पूर्ण कर ली गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार 59 दुकानों के लिए आवेदन बड़ी संख्या में आए हैं, जिनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कुछ दिनों के भीतर इन दुकानों का आबंटन कर दिया जाएगा। इन दुकानों के आबंटन के बाद जिले में अटैच में चल रही राशन दुकानों के लिए भी आवेदन मंगाए जाएंगे। बताया जा रहा है कि जिले में कोविड काल के बाद दर्जनों दुकानें अटैच में संचालित हैं। इनमें कुछ दुकानों के संचालकों की मृत्यु हो चुकी है, तो कई दुकानों को चावल घोटाला सहित अन्य मामले में निलंबन किया गया हैं, वहीं कुछ दुकान के संचालक सरेंडर कर चुके हैं।

### अक्टूबर में 55 नई दुकानों को मिली थी स्वीकृत

शहर में हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए अक्टूबर 2024 में 55 और नई दुकानें खोलने की स्वीकृति दी गई थी। इसके बाद इन दुकानों के आबंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। बताया जा रहा है कि इन दुकानों के लिए आवेदन 8 जनवरी तक मंगाए गए थे। इसके बाद से अब तक इन दुकानों का आबंटन प्रक्रिया अटका हुआ हैं। हालांकि आबंटन नहीं होने का कारण नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बताया जा रहा है। चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने की वजह से इन दुकानों का आबंटन नहीं किया जा सका। चुनाव पूरा हुआ तो विधानसभा का बजट सत्र की कार्यवाही शुरू हो गई। इसके कारण फिर आबंटन की प्रक्रिया अटक गई। विधानसभा की कार्यवाही खत्म होते ही खाद्य विभाग दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों की मानें तो आगामी कुछ दिनों के भीतर 59 दुकानों के आबंटन की सूची जारी कर दी जाएगी।



### शहर में दुकानों की संख्या बढ़कर 283 हो जाएगी

शहर में पहले से 228 राशन दुकानें संचालित हैं। इनमें 98 दुकानों को पिछले वर्ष जुलाई माह में खोला गया था। इन दुकानों के खुलने के बाद भी कई राशन दुकानों में अभी भी हितग्राहियों को लंबी लाइन लगाना पड़ रहा हैं, जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही है। इस परेशानी को खत्म करने के लिए ही शहर में दुकानों की संख्या बढ़ाने के लिए 55 नई दुकानें खोली जा रही है। इस तरह शहर में दुकानों की संख्या बढ़कर 283 हो जाएगी। दुकानें बढ़ने से हितग्राहियों को कम समय में राशन मिल पाएगा।

### जल्द आवंटित की जाएंगी दुकानें

शहर में 59 दुकानों का जल्द ही आबंटन किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जारी है। इन दुकानों के आबंटन के बाद अटैच में संचालित दुकानों के लिए आवेदन मंगाए जाएंगे।
**- भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

## फील्ड विजिट कर समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी

# ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर, सीएम ने ली उच्चस्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, ग्रीष्मकाल में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक निर्बाध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय और जनसहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, जल संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण की दिशा में ठोस और निर्णायक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, जिससे आने वाले समय में प्रदेश जल संकट की किसी भी स्थिति से सुरक्षित रह सके।

- 15 दिवसीय विशेष अभियान : हैंडपंप और सार्वजनिक नलों की मरम्मत

मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में आयोजित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान प्रदेशभर में पेयजल की समुचित और सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी उपायों को प्राथमिकता पर क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर में पेयजल की उपलब्धता को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता घोषित किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जल संकट की किसी भी संभावना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, ऊर्जा, वन एवं कृषि विभाग को परस्पर तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस उच्चस्तरीय बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो और कृषि, वन, जलवायु परिवर्तन एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



### जलस्रोतों के आसपास से अतिक्रमण हटाएं

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश के पर्वतीय और मैदानी दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने तालाबों और जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, जलस्रोतों की रक्षा करना केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी भी है। प्रदेशभर में अमृत सरोवरों को जल प्रबंधन के मॉडल के रूप में विकसित किया जाए, ताकि वे जल संग्रहण, वर्षा जल संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी के सफल उदाहरण बन सकें।

### फील्ड में जाकर स्थिति स्थिति का आंकलन करें अफसर

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उत्पन्न हो रही पेयजल समस्याओं के समाधान हेतु अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीतियाँ समान रूप से आवश्यक हैं। इसके लिए उन्होंने जल संरक्षण के प्रभावी उपायों जैसे रिचार्ज पिट, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग और सौर ऊर्जा आधारित पंपों को तेजी से बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने भूजल के अनियंत्रित दोहन पर सख्त निगरानी रखने और कम जल-खपत वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए, जिससे जल संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केवल कार्यालयों तक सीमित न रहते हुए, फील्ड में जाकर स्वयं स्थिति का आकलन करें और स्थल पर ही पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर संभाला कार्यभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला पंचायत रायपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवीन अग्रवाल और उपाध्यक्ष संदीप यदु सहित अन्य सदस्यों ने सोमवार को शपथ ग्रहण कर कार्यभार संभाला। इसके बाद कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में जिला पंचायत के पदाधिकारी एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन आयोजित किया गया। इस सम्मिलन में प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मिलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई जाती हैं, और इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी त्रि स्तरीय पंचायत के कंधों पर है। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा कि वे अंतिम छोर तक पहुंचकर जनकल्याण के कार्य करें ताकि जनता उन्हें हमेशा याद रखे, भले ही वे पद पर न हों। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक अनुज शर्मा, इन्द्र कुमार साहू, गुरू खुशवंत साहेब और विधायक मोतीलाल साहू भी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

- नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और सदस्यों के प्रथम सम्मिलन में राजस्व मंत्री टंकराम हुए शामिल

# विधानसभा परिसर में राष्ट्रपति ने कदम्ब का पौधा लगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर थीं। छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति ने विधानसभा परिसर में कदम्ब का पौधारोपण किया। पौधा रोपण के बाद विधानसभा के सदस्यों के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लिया। इसके पूर्व सुबह 10.30 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर आगमन पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, महापौर मीनल चौबे, रमेश बैस, सरोज पाण्डे, गौरीशंकर अग्रवाल, शिवरतन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया। राष्ट्रपति सड़क मार्ग से विधानसभा पहुंचीं। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा, राष्ट्रपति के सचिव दीप्ति उमाशंकर एवं राज्यपाल के सचिव डॉ सीआर प्रसन्ना आदि उपस्थित थे। राष्ट्रपति इसके बाद छत्तीसगढ विधान सभा के सभागृह में पहुंचीं एवं वहां उन्होंने 'सदस्य संदर्भ' पुस्तक का विमोचन किया एवं इस पुस्तक की प्रति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेंट की। विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

**रायपुर।** राज्य शासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और तकनीकी सशक्तिकरण के माध्यम से शासकीय प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर यह निर्देशित किया गया है कि मार्च माह के सार्वजनिक अवकाश के दिनों 25, 29, 30 एवं 31 मार्च को भी सभी रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, नागरिकों की सुविधा हेतु रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट का समय सायं 5 बजे से बढ़ाकर सायं 7 बजे तक कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को रजिस्ट्री विभाग के सॉफ्टवेयर एनजीडीआरएस में तकनीकी समस्या आने के कारण सर्वर अस्थायी रूप से डाउन हो गया, जिससे कुछ समय के लिए रजिस्ट्री कार्य बाधित हुआ। एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर का संचालन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र , पुणे द्वारा किया जाता है।

# इस बार राज्य स्तर पर एनएचएम से 45 हजार आई ग्लास की खरीदारी

## तत्काल उपलब्धता के लिए पहले जिलास्तर पर होती थी खरीदी, बदला गया सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंधत्व निवारण अभियान के तहत जांच के बाद बांटे जाने वाले निशुल्क चश्मे की खरीदी इस बार एनएचएम के माध्यम से की जा रही है। 45 हजार आई ग्लास खरीदने के लिए एनएचएम द्वारा जेम पोर्टल पर टेंडर जारी किया गया है। पूर्व में चश्मे की तत्काल उपलब्धता के लिए जिलास्तर पर खरीदी होती थी। इधर, फाइबर ग्लास के दौर में सामान्य कांच वाले मोटे चश्मे की खरीदी पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। कांच वाले चश्मे की टूटफूट का जोखिम अधिक होने के साथ यह महंगा भी होता है।

- फाइबर ग्लास के दौर में सामान्य कांच वाले चश्मे, जोखिम और अधिक खर्च पर उठे सवाल

सूत्रों के मुताबिक, अंधत्व निवारण अभियान के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पहले सहयोगी की भूमिका निभाता था। स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के बाद हितग्राहियों को तत्काल चश्मा उपलब्ध कराती है, इसके लिए संबंधित जिलों को चश्मा खरीदी के लिए फंड जारी किया जाता था। इस बार खरीदी के नियम में बदलाव कर दिया गया है और स्वयं स्वास्थ्य मिशन ने 45 हजार चश्मे का टेंडर जारी किया है। सूत्रों का कहना है कि टेंडर में चश्मे के लिए फ्रेम सहित अन्य सामग्री के लिए जो स्पेस्फिकेशन जारी किया गया है, वह विस्तृत नहीं है, जिसकी वजह से गड़बड़ी होने की आशंका अधिक है। निशुल्क वितरित किए जाने वाले चश्मे सामान्य ग्लास के होते हैं, जिसका उपयोग अब लगभग खत्म हो चुका है। ज्यादातर चश्मे अब फाइबर ग्लास से निर्मित होते हैं।

कांच वाले चश्मे के गिरने पर टूटने-फूटने का जोखिम अधिक होता है। इसके मोटे और वजनी होने के वजह से उपयोग करने वाला खुद को असहज महसूस करता है।

### पहले भी हो चुका है प्रयास

सूत्रों के अनुसार, चश्मे की खरीदी राज्यस्तर पर किए जाने का प्रयास पूर्व में भी हो चुका है। उस दौरान सप्लायर एजेंसी को लाभ पहुंचाने के आरोप भी सामने आ गए थे। तत्कालीन अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद विवादों से बचने के लिए राज्यस्तर पर खरीदी को स्थगित किया गया है और यह काम जिलास्तर पर प्रारंभ किया गया था, जिसे इस बार पुनः बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

### चश्मे टूटने की शिकायतें

सूत्रों के अनुसार, पूर्व में भी राज्यस्तर पर अभियान के तहत निशुल्क चश्मे का वितरण किया जाता रहा है। बांटे गए चश्मे कांच से बने होते हैं, जिसके टूटने-फूटने की शिकायत भी काफी आती रही है। खासकर स्कूली बच्चों को बांटे गए चश्मे का सही उपयोग उनके द्वारा नहीं हो पाता है। इसे देखते हुए कांच का उपयोग नहीं करने और फ्रेम का स्तर भी सुधारने की मांग काफी समय से उठ रही है।

## प्रमुख पर्यटन स्थलों चित्रकोट जलप्रपात, सिरपुर, बस्तर के विकास का मांगा ब्योरा

# बृजमोहन ने लोकसभा में पूछा, छग का पर्यटन बढ़ाने सरकार क्या कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संसद के प्रश्नकाल के दौरान केंद्र सरकार से राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी।

सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से प्रश्न पूछते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों चित्रकोट जलप्रपात, सिरपुर, बस्तर आदि के विकास के लिए सरकार की कार्ययोजना का ब्यौरा मांगा।



उन्होंने यह भी पूछा, क्या केंद्र सरकार राज्य में धार्मिक, सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष पैकेज जारी करने पर विचार कर रही है। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की आधारभूत संरचना जैसे सड़क, परिवहन, होटल और सुरक्षा सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में की जा रही पहल की जानकारी भी मांगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया, स्वदेश दर्शन योजना की शुरुआत के बाद से देशभर में 5287 करोड़ रुपए की लागत से 76 पर्यटन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ में भी एक परियोजना शामिल है। तीर्थ स्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन (प्रशाद) योजना के तहत देशभर में 1620.21 करोड़ रुपये की लागत से 48 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ में भी एक परियोजना शामिल है। श्री शेखावत ने बताया, वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास की विशेष योजना एसएएससीआई के तहत छत्तीसगढ़ में दो परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है, जो कुल 3295.76 करोड़ रुपए की लागत से 40 परियोजनाओं का हिस्सा है।

### विस्तार किया जा रहा है

श्री शेखावत ने बताया, स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में जनजातीय परिपथ के तहत 96.10 करोड़ रुपए की लागत से जशपुर, कुनकुरी, मैनपाट, कमलेशपुर, महेशपुर, सरोधादादर, गंगरेल, कोंडागांव, नथियानवागांव, जगदलपुर, चित्रकूट और तीर्थगढ़ के पर्यटन विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा, प्रसाद योजना के तहत 44.84 करोड़ रुपए की लागत से मां बमलेश्वरी मंदिर में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इतना ही नहीं एसएएससीआई के तहत 95.79 करोड़ रुपए की लागत से रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास और 51.87 करोड़ रुपए की लागत से रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का निर्माण किया जा रहा है।

# मतदाताओं के लिए छग विकास पार्टी ने जारी किया गारंटी पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में सरकार बनाने वाले वोटर्स को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए 76 साल में किसी भी पार्टी ने कोई प्रावधान नहीं किया है, जबकि मतदाओं के वोट से सत्ता में आने वाले विधायकों और मंत्रियों को कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं। इसे देखते हुए लोगों को समस्याओं से मुक्ति दिलाने और मतदाताओं की सरकार में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ विकास पार्टी 12 सूत्रीय गारंटी पत्र जारी कर रही है। मोतीबाग प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद पीआर खुंटे ने सोमवार को कहा कि कई सरकारें आईं और गईं। इसे बनाने वाले मतदाताओं को आज तक किसी प्रकार से आर्थिक लाभ किसी भी पार्टी ने नहीं दिया। आने वाले समय में लोकसभा और राज्य में सरकार बनाने के लिए होने वाले चुनाव में जनता अगर छत्तीसगढ़ विकास पार्टी को सत्ता में आने का अवसर देती है, तो उनके लिए अभी से पार्टी 12 सूत्रीय गारंटी पत्र की घोषणा करती है। इसमें हर मतदाता जो वोट डालेंगे, उन्हें 1750 रुपए हर महीने देने के साथ ही 3500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की गारंटी देती है। साथ ही पलायन रोकने के लिए बेरोजगारों को जब तक काम नहीं मिलता है,उन्हें तीन हजार रूपए भत्ता देने सहित 12 सूत्रीय गारंटी देने की घोषणा करती है।

- पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद पीआर खुंटे ने दी जानकारी

**खबर संक्षेप**

## याद करो कुर्बानी के साथ आस्था की काव्यांजलि

**महासमुंद।** आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा 23 मार्च राजगुरु, सुखदेव एवं भगत सिंह के बलिदान दिवस पर साहित्यकार एस चंद्रसेन के निवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन कर काव्यांजलि समर्पित की गई। मुख्य अतिथि समाज सेवी दाऊलाल चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि के रुप में केआर चंद्राकर, पत्रकार उत्तरा विदानी, प्रमोद तिवारी, आनंद तिवारी पौराणिक सहित साहित्यकारगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में अध्यक्षता एस चंद्रसेन ने की। काव्यांजलि अर्पित करते हुए आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि जब तक नभ में सूर्यचंद्र गंगा में पावन पानी, सुखदेव भगत सिंह, राजगुरु अमर क्रांतिवीर बलिदानी। बंधु राजेश्वर खरे ने छत्तीसगढ़ी में काव्यपाठ करते हुए कहा कि लक्ष्मी बाई, बोस भगत आजाद के चलिस इही नारा बुढ़वा गांधी बबा के कुबरी लाठी चलिस ये इसारा। साहित्यकार सरिता तिवारी ने वो तो दीवाने थे खुशियों से अंजाने थे गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षीय आसंदी से काव्य समर्पित करते हुए एस चंद्रसेन ने कहा कि त्याग तपस्या व्रत पूजा मैं उपासना जगराता हूं, स्वतंत्रता की बलि चढ़े उन रणवीरों की माता हूं। साहित्यकार एवं पत्रकार उत्तरा विदानी ने कहा कि जो चढ़ गए वेदी पर लिए जीवन का मोल इलम आज उनकी जय बोल। कवियत्री डॉ. साधना कसार द्वारा काव्यांजलि अर्पित की गई-वतन के लिए जो जान हथेली पर रखते हैं, शाने वतन जाने वतन लोग उन्हें कहते हैं। इस अवसर पर कवि सुरेंद्र अग्निहोत्री एवं सुजाता विश्वनाथन ने कार्यक्रम को नई ऊंचाईयां दी। देश के खातिर हंसते हंसते गंवा दी अपनी जवानी मत भूलो कभी उनको तुम जरा याद करो कुर्बानी। अपने अनूठे अंदाज में कार्यक्रम का संचालन करते हुए साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने पंक्तियां समर्पित करते हुए कहा कि नमन है वीर जवानों तुमको नमन तुम्हारी बलिदानी। याद करो कुर्बानी काव्यांजलि कार्यक्रम में समाज सेवी दाऊलाल चंद्राकर, प्रमोद तिवारी, एमआर विश्वनाथन, पुष्पा चौहान, शिक्षा विद् केआर चंद्राकर ने अपने पंक्तियां पढ़ी।

### आयोजन : लोगों को जागरूक करने स्वच्छता, नशामुक्ति एवं जागरुकता रैली निकाली

# 5 दिवसीय राज्य स्तरीय आवासीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर बागबाहरा के समापन अवसर पर बालिकाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद तथा जिला कूडो एसोसिएशन महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय आवासीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 से 24 मार्च 2025 तक सांस्कृतिक भवन बागबाहरा में किया गया।

जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर 18 जिलों के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षकों ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। खिलाड़ियों ने नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी बागबाहरा शामिल होकर परिसर की सफाई करने में अपना सहयोग दिया। विभिन्न क्षेत्रों में नशामुक्ति रैली निकाली गई। जिसके माध्यम से लोगों को नशे से दूर रखने जागरूक किया गया। इसके अलावा राज्य स्तरीय आवासीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में खेल कौशल का विकास जिसमें कूडो, कराते, किक बॉक्सिंग, सेल्फ डिफेंस के विभिन्न अभ्यास कराए गए। शिविर में रुकने एवं खाने की अच्छी व्यवस्था की गई थी। बालिकाओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहित कर उनको सम्मानित किया गया। कूडो एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष मीरा पंडा, सचिव दीपक निषाद, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रधान ने शिविर में 5 दिनों तक विभिन्न जिलों के प्रशिक्षकों के माध्यम से बेहतर अभ्यास कराया एवं राष्ट्रीय



प्रतियोगिता की तैयारियां की गई। आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का लाभ ले रहे बालिकाओं को समय समय पर हो रहे घटनाओं से अपनी स्वयं की रक्षा कर सकें। जिसमें छत्तीसगढ़ के मार्शल आर्ट में दक्ष मास्टरों द्वारा ट्रेनिंग दिया गया। मास्टर ट्रेनर रघुनाथ नेताम धमतरी, अखिलेश आदित्य जांजगीर चांपा, उपेंद्र प्रधान व मीरा पंडा महासमुंद, रवीना साहू बालोद, अश्वनी ध्रुव गरियाबंद, जगन्नाथ साहू महासमुंद, तुलेश त्रिवेदी मोहला-मानपुर, तनुज यादव बालोद, केशव मंडावी बालोद, विद्या सागर कोरिया, धनीराम निराला बलौदाबाजार, डिजेंद्र कुर्रे महासमुंद, ब्रजेश कुमार कोरिया, नीलम मानपुर मोहला, योगेश साहू धमतरी, निरंजन साहू धमतरी, भारती देशमुख बालोद, मनीष कुमार मरावी बिलासपुर, योगेश्वरी जगत आदि ने प्रशिक्षण दिया।

खेल अधिकारी मनोज कुमार घृतलहरे ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण से सभी बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं इस कला में दक्ष होंगे एवं मानसिक एवं शारीरिक रूप से भी विकास होगा एवं एक नए समाज, देश का उदय होगा। 5 दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक अध्यक्ष खिलेश्वरी छोटू बघेल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, एसडी बर्मन मुख्य नगर पालिक अधिकारी बागबाहरा, नरेश ठाकुर, लोकेश कुमार जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, जिला पंचायत सदस्य हेमंत साहू, ताम्रध्वज बघेल, रूपेश प्रेम कुमार साहू, सविता दीवान, थानू राम, शिवा जगत, मिथुन अमित, मनता यादव पार्षद, अंकित बागबाहरा, भारती छोटू अग्रवाल जनपद सदस्य पिथौरा, कमल अग्रवाल उपसरपंच देवरी उपस्थित रहे।

अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन हर वर्ष होना चाहिए, बागबाहरा में नगरवासियों को जागरूक किया जा रहा है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य की शक्तिशाली तकनीक है : आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अटल इनोवेशन मिशन, समग्र शिक्षा, जिला शैक्षिक और विज्ञान परिषद और इंटेल डिजिटल रेडीनेस के सहयोग से जिले के शालाओं से चयनित 40 विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला स्तरीय एआई कार्यशाला का आयोजन 24 मार्च से 28 मार्च तक किया जा रहा है। यह आयोजन डाइट महासमुंद में किया जा रहा है। 25 मार्च को कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, सहायक संचालक सतीश नायर, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, डाइट उपप्राचार्य अरुण प्रधान जिला विज्ञान परिषद के संयोजक जगदीश सिन्हा, इंटेल डिजिटल रेडीनेस के एआई एक्सपर्ट अनूप सिंग की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य की सबसे शक्तिशाली तकनीक है। विद्यार्थियों को इस तकनीक की जानकारी होना जरूरी है।



उन्होंने कहा कि आज के समय में डेटा साइंस, मशीन लर्निंग के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य है, रोजगार की असीम संभावनाएं है, इसलिए स्कूली छात्रों को एआई की बेसिक जानकारी होनी जरूरी है। उन्होंने इस कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए स्वर्णिम अवसर कहते हुए चयनित छात्रों को कार्यशाला के लिए शुभकामनाएं दी। सहायक संचालक सतीश नायर ने छात्रों को संबोधित किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नई शिक्षा नीति में एक महत्वपूर्ण विषय वस्तु है। इसलिए छात्रों को इस तकनीक के बेसिक्स की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग विद्यार्थी अपने आसपास की समस्या समाधान के लिए तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के लिए भी समझ विकसित कर सकते हैं। जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने छात्रों से कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला से जिले के स्कूली विद्यार्थी आधुनिकतम तकनीक को आसानी से सीख पा रहे हैं। आज मनुष्य के दिनचर्या में आर्टिफिशियल 3का अधिकतम उपयोग हो रहा है, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि सभी क्षेत्रों में एआई का उपयोग हो रहा है। जिला विज्ञान एवं शैक्षिक परिषद के जिला संयोजक जगदीश सिन्हा ने पांच दिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले के 5 ब्लॉक से 114 छात्रों में से 40 छात्रों का चयन कर इंटेल के एआई कोच के माध्यम से इस तकनीक को सिखाया जा रहा है।

कार्यशाला के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर सुबोध कुमार तिवारी ने एआई तकनीक पर बताया कि 2021 में इंटेल के सहयोग से नर्रा स्कूल के छात्रों ने एआई की ट्रेनिंग प्राप्त कर भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित एआई फॉर यूथ प्रतियोगिता के टॉप 20 में स्थान बनाया था। एआई तकनीक के बेसिक्स को नो कोड या लो कोड तकनीक के माध्यम से स्कूली छात्रों को सिखाया जा रहा है। इस सरलतम तरीके से एआई सीख रहे विद्यार्थी कार्यशाला के अंतिम दिन स्वयं द्वारा बनाए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यशाला में सेजेस नयापारा के व्याख्याता विकास यादव, बीकेबाहरा के प्राचार्य अंकित चंद्राकर एवं बसना, पिथौरा, बागबाहरा, महासमुंद विकासखंड के विभिन्न शालाओं के कक्षा नवमी, ग्यारहवीं के चयनित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** बंधवा तालाब कॉलोनी में पार्षद निधि से 2 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड के लिए भूमिपूजन कांग्रेस पार्षद विजय साव एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद अनिता साव, पूर्व पार्षद विष्णु चंद्राकर नंदू पटेल, मोंटू साहू, हितेश दुबे, कृष्णकांत चौहान, पूरन चंद्राकर, पार्वती यादव, गायत्री साहू, बसंती यादव, पंकजा चंद्राकर, यश पटेल, नोहर साहू, सृष्टि यादव, माया चंद्राकर, बुद्धा ध्रुव, सोनू यादव, कपिल यादव, लक्की वर्मा, राहुल साहू, खिलेंद्र ठाकुर, विकास देवांगन आदि मौजूद रहे।



## पालिका में हुई प्रथम पीआईसी की बैठक

**बागबाहरा।** मगलवार को प्रेसिडेंट इन काउंसिल, नगर पालिका परिषद बागबाहरा की प्रथम बैठक नगर पालिका परिषद बागबाहरा के अध्यक्ष कक्ष में आहूत की गई। जिसमें सभापति द्वारा नगर पालिका बागबाहरा के वित्तीय वर्ष 2024-25 के वास्तविक बजट एवं 2025-26 के अनुमानित बजट पेश किया गया। नगर में सफाई व्यवस्था व पेयजल व्यवस्था के बारे में भी चर्चा की गई। पीआईसी बैठक में समस्त पीआईसी के सदस्यगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता एवं पालिका के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## करणी कृपा प्लांट में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं की संख्याः चोपड़ा

**महासमुंद।** तुमगांव स्थित मां करणी कृपा पावर प्लांट की समस्याएं दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। प्लांट में दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है। साथ ही प्लांट के प्रदूषण के कारण लोग आक्रोशित हैं और आंदोलन कर रहे हैं, जिससे तनाव की स्थिति निर्मित हो रही है। इस संदर्भ में पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि एक त्रिपक्षीय वार्ता हो जिसमें प्लांट प्रबंधन, प्रशासन और आंदोलनकारी तीनों पक्ष द्वारा मिलकर सभी समस्याओं का समाधान निकाला जाए। त्रिपक्षीय वार्ता में प्रबंधनए प्रशासन और आंदोलनकारी तीनों पक्ष प्लांट में सुरक्षा संबंधी, प्रदूषण संबंधी, मुआवजा संबंधी और अन्य जो भी समस्याएं हैं, उन सभी पर विचार विमर्श करें और सभी समस्याओं का समाधान करें।



# सनातन धर्म, संस्कृति की शिक्षा के लिए सनातन गुरुकुल का निर्माण आवश्यक : स्वामी ऋतेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रामायण व महाभारत काल के समय से ही सरायपाली का इतिहास जुड़ा हुआ है। जब पुराने समय में पवित्र धार्मिक स्थल जगन्नाथपुरी जाना होता था तो पैदल यात्रा के समय सरायपाली होकर ही आम जनता, साधु संत, महात्मा, ऋषिवर जाया करते थे। यह याद रखें जिस भी क्षेत्र से यह सब महात्मा गुजरते हैं वहां के आसपास का वातावरण इत्र के समान सुगंधित ही नहीं बल्कि ज्ञान, शिक्षा, समृद्धि, सद्बुद्धि, धर्म, संस्कार, परंपराओं का भी बीज बोते जाते हैं। उक्त आध्यात्मिक प्रवचन वृंदावन आनंदम धाम पीठ के पीठाधीश्वर ऋतेश्वर महाराज द्वारा धर्मनगरी सरायपाली में पधारे भक्तों को जानकारी देते हुए कहा। लगभग 2 घंटे के अपने आध्यात्मिक प्रवचन में ऋतेश्वर महाराज ने कहा कि भारत में अंग्रेजों द्वारा भारत में भारतीय व सनातनी संस्कृति, परंपरा, शिक्षा, गुरुकुल पद्धति, ज्ञान को समाप्त करने के लिए ही मैकाले शिक्षा पद्धत्ति थोपी गई। यह शिक्षा देश को शिक्षित नहीं बल्कि नौकर बनाए रखने के लिए थोपी गई। अंग्रेजों को मालूम था कि जब तक भारतीयों में उनकी सनातन शिक्षा, पद्धति, संस्कृति व ज्ञान को समाप्त नहीं किया जाएगा, तब तक हम भारतीयों को नौकर नहीं बना सकते। विभिन्न क्षेत्रों में सनातन गुरुकुल व शिक्षा पद्धत्ति की अब नितांत आवश्यकता है। इसके लिए हम देश में 1000 एकड़ भूमि पर विशाल व भव्य सनातन विश्वविद्यालय का निर्माण करने जा रहे हैं, जहां सनातनी शिक्षा पद्धत्ति, संस्कृति, ज्ञान, 16 संस्कार व 64 कलाओं की शिक्षा के साथ साथ हावर्ड व कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाने वाले आधुनिक वैज्ञानिक की पढ़ाई भी कराई जाएगी। भारतीय संस्कृति में 16 संस्कारों व 64 कलाओं का वैज्ञानिक संबंध है। पीठाधीश्वर ऋतेश्वर महाराज ने नगरवासियों व खासकर युवाओं से आग्रह किया कि वे सरायपाली में एक विशाल सनातन गुरुकुल का निर्माण करें, धन की चिंता न करें। विज्ञान ने सबसे अधिक नुकसान मानव शरीर को किया है। खेतों, फसलों, सब्जियों में लगातार बढ़ रही पेस्टीसाइड, यूरिया, कीटनाशक दवाइयों की बढ़ोतरी व किसानों में हाइब्रिड फसलों व फसलों की दोगुनी उत्पादनों की लालच ने सर्वाधिक नुकसान शरीर को पहुंचाया है। विश्व में लगातार बढ़ रही हिंसा, रक्तपात, हत्याओं के जिक्र करते हुए कहा कि भगवान की सबसे सुंदर कृति मनुष्य है और इस सुंदर कृति को नष्ट किया जा रहा है जो बहुत ही गंभीर है। आनंद धाम पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज का यह प्रथम नगर आगमन था। सरायपाली बड़ा तालाब के पास प्रथम आध्यात्मिक प्रवचन था। विशाल पंडाल व व्यवस्थाओं से युक्त इस पंडाल में आसपास ग्रामीण क्षेत्र के भक्तजन भी प्रवचन का आनंद लेने सैकड़ों की संख्या में पहुंचे थे।



## वार्ड 25 में सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** वार्ड क्रमांक 25 डॉ. राधाकृष्णन वार्ड में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व वार्ड पार्षद भाऊ राम साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विधायक सिन्हा ने सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य के लिए वार्डवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, पार्षद पवन पटेल, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, हरबंस नानू भाई, पूर्व पार्षद संदीप घोष, राकेश पटवा, मुन्ना साहू, मुहनु पटेल, दिलीप साहू, मौसम साहू, दिलीप चौधरी, ऋषभ साहू, रोशन सिन्हा आदि वार्डवासी उपस्थित रहे।

# ओवरब्रिज के नीचे निर्माण कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वार्ड नंबर 14 स्थित ओवरब्रिज के नीचे निर्माण कार्य कराये जाने के पूर्व नगर पालिका के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष व वार्ड 14 के पार्षद देवीचंद्र राठी ने स्थल निरीक्षण किया। जिसमें कई कमियां देखी गई। नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू को भी अवगत कराया गया। वे भी मौके पर पहुंचे। वार्ड नं. 19 के पार्षद पति बादल मक्कड़, वार्ड के पूर्व पार्षद गोलू मदनकार भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका भी थे। इसके अलावा नगर पालिका एवं सेतू निगम के इंजीनियर के साथ आसपास के नागरिक भी सुझाव देने के लिए उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वार्ड नं. 14 में स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नीचे लगभग 68 लाख की लागत अद्योसंरचना मद से पेवर ब्लाक दोनों तरफ सर्विस रोड बाउंड्रीवाल बनाने का ठेका हो चुका है, लेकिन इसमें कमिया है। उक्त



ठेके के मुताबिक सर्विस रोड के लिए 4 फीट से अधिक चौड़ाई नही मिल पा रही थी। दोनों तरफ सकरी रोड बन रही है और बीच में बाउंड्रीवाल का घेरा करने का प्रावधान था। नपाध्यक्ष को बताया गया कि संकरी रोड बनाने का कोई औचित्य नही है। कम से कम 8 फीट चौड़ी सर्विस रोड दोनों तरफ होना चाहिए। जनता की ओर से सुझाव आया कि ब्रिज के नीचे पूरे कांक्रीट या पेवर ब्लाक बिछाकर ओपन रखा जाए, जनहित में लोगों का काम आएगा। पार्किंग भी हो सकती है, खोमचे ढेले भी लगाया जा सकता है, जिससे बेरोजगारों को रोजगार भी उपलब्ध हो पाएगा। निरीक्षण उपरांत निर्णय पर पहुंचे कि संकरी रोड बनाने के बजाय रोड को कम से कम 8 फीट चौड़ी रखी जाये तब आने जाने वालों का आवागमन सुगम होगा। आसपास निवासरत लोग भी आ जा सकते है। सभी दृष्टिकोण पर विचार कर नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नपा के सब इंजीनियर को निर्देश दिया कि दोनों तरफ रोड की चौड़ाई बढ़ाने के बाद ही घेरा करें। साथ ही ठेकेदार को भी हिदायत दी गई कि निर्माण कार्य को तकनीकी अधिकारी के मार्गदर्शन में ही करें और अपनी मनमानी ना करें। उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि आने वाले समय ओवरब्रिज के नीचे को बहुउपयोगी बनाया जाएगा। जिसका शहर की जनता को लाभ मिलेगा।



## यादव महासभा की बैठक में सामाजिक एकता पर हुई चर्चा

**सरायपाली।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ की संभागीय बैठक राजधानी रायपुर में हुई। इसमें सामाजिक एकता और शिक्षा जैसे विषयों पर पदाधिकारियों ने चर्चा की। साथ ही रेजांगला अस्थि रज कलश यात्रा का आयोजन करने और रूट चार्ट पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, महासचिव एचडी यादव, मिथिलेश यादव, माधुरी यादव, संजय यादव, रामाश्रय यादव, संजय यादव, राहुल यादव, कमल यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव, जिला अध्यक्ष विनोद यादव, ब्लॉक अध्यक्ष पवन यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू व चित्रकला यादव मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव ने दी।

# समाज के विकास में सेन समाज की अहम भूमिकाः रिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राधा मोहन कन्नौजे नाई (सेन) समाज का वार्षिक अधिवेशन समारोह सिरपुर में हुआ। इस अवसर पर वैशाली नगर विधानसभा भिलाई के विधायक रिकेश सेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में सेन समाज की अहम भूमिका है। समाज की सेवा भावना के साथ हमने विकास की गति दी है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि आने वाली पीढ़ी को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ते हुए बच्चों व परिवार को सुसंस्कृत करना होगा, उनके द्वारा सिरपुर स्थित मंदिर परिसर व टेकारी मांढर के सामाजिक भूमि में भवन निर्माण के लिए लाखों की घोषणा की एवं सभी 12 क्षेत्रों में भवन निर्माण की बात कही।

अध्यक्षता करते हुए महासमुंद के उर्जावान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सेन समाज सही मायने में दुख व सुख का साथी होता है। उन्होंने भी पैतृक व्यवसाय के साथ साथ बच्चों के उच्च शिक्षा पर बात की। विधायक के द्वारा सिरपुर स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में सभागार निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की गई। समाज के उत्थान व विकास में टेकराम सेन



द्वारा की जा रही सतत सामाजिक, साहित्यिक व शैक्षिक योगदान की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में रायपुर नगर निगम के पार्षद एवं सभापति खेमकुमार सेन, सरपंच ग्राम पंचायत सिरपुर पुष्पा केआर माली, पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष प्रहलाद सेन, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सेन, केंद्रीय अध्यक्ष गंगाराम सेन, मीरा सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सेन समाज सामाजिक चेतना के साथ विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर समाज के मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, खेलकूद, लॉ जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में पहचान बनाने वाले शुभम सेन पिता रामस्वरुप सेन (मेडिकल) अंशु सेन पिता टीआर सेन (सीए), समीर सेन पिता मिथिलेश सेन (इंजीनियरिंग), हिमानी सेन पिता टेकराम सेन (मेडिकल), खुशी सेन पिता टेकराम सेन (लॉ), भूमि सेन पिता टेकराम सेन (मेडिकल), मुस्कान सेन पिता सुरेश सेन (मेडिकल), चंचल सेन पिता पुरुषोत्तम सेन (शिक्षा), यामिनी सेन पिता फत्ते सेन (बी फार्मेसी) को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में हरिशचन्द्र सेन, चिंताराम सेन, टेकराम सेन, मिथिलेश सेन, त्रिलोक सेन, जयकुमार ठाकुर, रामकुमार सेन, मनोज सेन, चुरामन सेन, प्रकाश सेन, शैलेंद्र सेन, फत्तेलाल सेन, अजय श्रीवास, अमरनाथ सेन, विष्णु सेन, भोजराम सेन सहित समस्त केंद्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी मंदिर विकास समिति के सदस्य रामकुमार सेन ने दी।



## कोसरंगी सरपंच का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम कोसरंगी को टीवी मुक्त होने पर ग्राम पंचायत कोसरंगी के सरपंच सुरेश साहू को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

## नाक, कान, गला जांच प्रतिदिन

**महासमुंद।** मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में कान, नाक व गला जांच का आयोजन सायं 4 से 6 बजे तक किया जाएगा। जांच प्रतिदिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार व शनिवार को किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ डा. चंचल लहरी (एमबीबीएस, एमएस, (ईएनटी)) अपनी सेवाएं देंगे। इसी तरह चर्म, यौन, कुष्ठ रोग जांच का आयोजन किया गया है। जाँच सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे तक डा. गरिमा शर्मा एमबीबीए, एमडी गोल्ड मेडलिस्ट (चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ) परामर्श के लिए अपनी सेवाएं देंगी।

## खबर संक्षेप



### पुत्र के जन्म दिन पर न्योता भोज का आयोजन

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोनी में पालक डोलूराम साहू के पुत्र के जन्मदिन पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों को खीर पुड़ी वितरण किया गया। छात्र का नाम पीयूष साहू जो कि कक्षा चौथी का विद्यार्थी है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख देवचरण साहू द्वारा पीयूष साहू को पेन प्रदाय किया। इस मौके पर शिक्षक धनेश्वरी प्रजापति मुकेश प्रजापति, कक्षा शिक्षक मेघा ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### नांदगांव खल्लारी मंदिर में नवरात्रि की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम नादगांव स्थित



माता खल्लारी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी ग्रामीण व समिति के सदस्यों द्वारा जोरों से की जा रही है। मनोकामना ज्योत 30 मार्च को 11:24 से 12:24 बजे तक प्रज्वलित किया जाएगा। ज्योत स्थापना के लिए मंदिर के पुजारी टिकेश्वर पटेल, कौशल पटेल, योगेश पप्पू पटेल तथा मंदिर समिति के अध्यक्ष गजेंद्र पटेल एवं नाथूराम धीवर से संपर्क किया जा सकता है।



### खरोरा में मनाई गई माता कर्मा की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त मां कर्मा देवी की जयंती मनाई गई। जिसमें पंच अंजू चंद्राकर, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, बबली चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, जया चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि मां कर्मादेवी भगवान की महान भक्त थीं, इसलिए कृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे। तब माता ने अपने सामने बैठकर भगवान कृष्ण को खिचड़ी खिलाई थी और मां कर्मादेवी की जयंती को अनिवार्य रूप से मनाया जाता है।

## संज्ञान : अवैध कब्जा हटाने बरोली सरपंच ने जारी किया नोटिस

# शासकीय भूमि गौठान पर अवैध अतिक्रमण, भेजा गया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में नरवा, गरवा, घुरवा अऊ बारी के संरक्षण हेतु प्रत्येक पंचायत में गौवंश को सुरक्षित रखने गौठान का निर्माण किया गया है। बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोली में गौठान के लिए एक एकड़ जमीन आरक्षित कर निर्माण कार्य कराया गया था। परन्तु, निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है। पूर्व के भूपेश सरकार ने एक अच्छे सोच के लावारिस हालत में घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए गौठान योजना



लागू किया था। जमीनी स्तर पर यह योजना सफल नहीं हो पाया। लेकिन, अतिक्रमणकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के आबंटित शासकीय भूमि को कब्जा करने जरा भी नहीं सोचा कि भविष्य में क्या होगा। ग्राम पंचायत बरोली में गौठान की शासकीय भूमि पर निर्मल सिदार, अस्पताल कर्मचारी क्वार्टर के लिए आरक्षित शासकीय भूमि पर कंसराम एवं अन्य लोगों द्वारा बरोली के धरोहर पहाड़ी की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा है। जिसे अतिक्रमण मुक्त किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जैसे ही नवनिर्वाचित सरपंच को पता चला कि गौठान के लिए आरक्षित भूमि है। ग्राम पंचायत बरोली के सरपंच द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने का नोटिस जारी किया गया है।

### गौठान की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने का पंचायत को अधिकार

उल्लेखनीय है कि गौठान की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा होने पर छत्तीसगढ़ राज पंचायत अधिनियम 1993 के तहत ग्राम पंचायत को अतिक्रमण हटाने का अधिकार है और पंचायत धारा 56 के तहत कार्रवाई कर सकता है। पंचायत राज अधिनियम में प्रावधान है कि पंचायत में प्रस्ताव कर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत गांव की सार्वजनिक भूमि का प्रबंधन व उसमें अतिक्रमण रोकने का दायित्व छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा ग्राम पंचायत को दिया गया है।

# सचिवों की मांगों को अनसुना कर मोदी की गारंटी से पीछे हट रही भाजपा : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल को पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने पूरी तरह जायज बताया है। चंद्राकर ने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने सचिवों को शासकीय कर्मचारी बनाने का वादा किया था। भाजपा ने इसे मोदी की गारंटी बताया था। अब सरकार इस गारंटी से पीछे हट रही है। सरकार को बने सवा एक साल से ज्यादा हो गया। फिर भी आदेश जारी नहीं किया गया। पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण जनता की पीड़ा को शासन तक पहुंचाने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप देने वाले ग्राम पंचायत के सचिव भाजपा शासन में शोषित और पीड़ित है। पूर्व में भूपेश सरकार ने अपने 5 वर्षों के कार्यकाल में पंचायत सचिवों की वेतन वृद्धि सहित विभिन्न सुविधाएं दी। जब भाजपा की सरकार सत्ता में नहीं थी, तब भाजपा नेता कर्मचारियों के मंच पर जाकर बड़ी-बड़ी ढींगे हांकती थी और आज जब वह सत्ता पर है तो बेजुबान हो गई है, उनके मुंह से शब्द नहीं निकल रहे है। सचिवों की हड़ताल से ग्रामों के मूलभूत कार्य, आवास निर्माण, पेंशन राशि, जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित पंचायत से जुड़े अनेक कार्य ठप पड़े हैं। इस हड़ताल का प्रभाव ग्रामीणों के जीवन पर पड़ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नागरिकों से बड़े-बड़े जुमले हांक कर सत्ता प्राप्ति का सफर तय करने वाली भाजपा की सरकार की पर्दा फाश हो चुकी है। कर्ज के सहारे चल रही ये सरकार प्रदेश की जनता को विकास का हवा हवाई सपने दिखा रही है। छग में भाजपा की सरकार से किसान, मजदूर एवं कर्मचारी-अधिकारी अपने आप को ठगा



महसूस कर रहे हैं। सवा एक साल के कार्यकाल में भाजपा की कार्पोरेट सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को झूठा आश्वासन देकर सिर्फ ठगने का कार्य किया है। इनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। धरातल पर इनका कोई कार्य मूर्त रूप लेता नहीं दिख रहा है। सिर्फ चौक-चौराहों में पोस्टर और फ्लेक्स ही नजर आ रहे हैं, इसीलिए किसान, मजदूर एवं कर्मचारी आक्रोशित एवं परेशान है। पंचायत सचिवों सहित दैवेभो, आंगनबाड़ी, रसोइया सहित शासकीय विभागों में सेवा दे रहे हजारों कर्मचारी सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि सत्ता हासिल करने के लिए कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के तहत 100 दिन में नियमित करने वाली भाजपा की सरकार आज बहरी हो चुकी है। उन्हें पंचायत सचिवों की पुकार नहीं सुनाई दे रही। अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी एवं मानदेय कर्मचारियों का नियमितीकरण तो दिवा स्वप्न बन चुका है।



### टीबी मुक्त घोषित होने पर राटापाली सम्मानित

**नर्रा।** जनपद पंचायत बागबाहरा के सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम पंचायत राटापाली के स्वास्थ्य कर्मचारी, मितानिन एवं अन्य के अथक प्रयास और सहयोग से जनपद पंचायत बागबाहरा में जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा राटापाली पंचायत को टीबी (क्षय रोग) रोकथाम दिवस के अवसर पर टीबी रोग जीरो (शून्य) पंचायत घोषित होने पर ग्राम पंचायत राटापाली को कांस्य पदक महात्मा गांधी की स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। जो इस इस क्षेत्र के लिए बहुत ही गौरव की बात है। इस सम्मान समारोह में ग्रापं राटापाली सरपंच पूर्णिमा सोनवानी एवं स्वास्थ्य कर्मचारी डॉ डिगेंद्र परमार (आरएचओ) उपस्थित रहे।

# बागबाहरा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा के सांस्कृतिक भवन में कुडो एसोसिएशन द्वारा आवासीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर, नशामुक्ति, कौशल विकास, स्वच्छता, खेलकूद, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व अन्य जागरुकता के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 16 से जिले के 200 से ज्यादा बच्चे शामिल हुए। सुबह के आयोजन के मुख्य अतिथि रहे अंकित का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपेंद्र प्रधान ने करते हुए संस्था के कार्यों के बारे में बताया। मुख्य आतिथ्य के उद्बोधन में अंकित ने मौजूद सैंकड़ों बच्चों को नशे से दूर रहते हुए अनुशासन के साथ जीवन



जीने को प्रेरित किया, समय पर सोने और मोबाइल का प्रयोग सकारात्मक जानकारियां लेने के लिए ही उपयोग करने का निवेदन किया। अंकित ने कहा कि पहली सफाई इंसान को स्वयं की, फिर घर की और फिर मोहल्ले और अपने आसपास का ध्यान रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में अंकित ने खल्लारी के इतिहास, मंदिर और राजपरिवार के साथ-साथ दयावती कंवर की वीरता की कहानी भी बताई और सभी मौजूद बच्चों से मां चंडी और मां खल्लारी के दर्शन अवश्य करने की बात करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुडो अध्यक्ष मीरा पंडा, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रधान, सहसचिव राकेश साहू, रघुनाथ नेताम, अखिलेश आदित्य, धनीराम निराला सहित सैकड़ों बच्चे मौजूद रहे।

# टैक्स बार एसोसिएशन महासमुंद का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- महासमुंद में टैक्स बार एसोसिएशन के गठन के महत्व पर भी डाला गया प्रकाश

नवगठित टैक्स बार एसोसिएशन में अध्यक्ष सुशील राज साहू अधिवक्ता, उपाध्यक्ष जय कुमार खत्री सीए, सचिव अनिश कुमार साहू अधिवक्ता, सहसचिव राजीव चंद्राकर अधिवक्ता, कोषाध्यक्ष रोहित जैन कर सलाहकार, प्रचार सचिव- भरत साहू अधिवक्ता,



अंकेक्षक चिराग गंडेचा सीए, कार्यकारिणी पदाधिकारियों में - चक्रधर प्रधान कर सलाहकार, नेहा लूनिया सीए सभी निर्विरोध चुने गए।

गठन समारोह में छग टैक्स बार काउंसिल के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा व महासचिव शिव कुमार सोनी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सीए जय कुमार खत्री ने किया। अतिथियों द्वारा महासमुंद में टैक्स बार एसोसिएशन के गठन के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

शिव कुमार सोनी ने बताया गया कि लगातार सुशील साहू व निमाणी से बार के गठन पर चर्चा हो रही थी, जो आज पूर्ण रूप से परिणित हुआ। तत्पश्चात चुनाव की कार्रवाई खत्री द्वारा की गई। जिसमें पूरे सदन की सहमति से पदाधिकारीगण चुने गए। वर्तमान में यहां सदस्यों की कुल संख्या 29 है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के चयन पर अध्यक्ष व महासचिव ने हर्ष व्यक्त किया। आभार प्रदर्शन सचिव अनिश साहू ने किया।

# लाफिनकला में माता कर्मा की जयंती आज

**महासमुंद।** लाफिनकला में बुधवार 26 मार्च को साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन शांति चौक में किया गया है। पूजा पश्चात कलश यात्रा निकाली जाएगी। गलियों व चौक-चौराहों से होते हुए शोभायात्रा आयोजन स्थल शांति चौक पहुंचेगी। जहां पर पूजा अर्चना आरती व अतिथियों द्वारा संबोधन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं अध्यक्षता निखिलकांत साहू व विशिष्ट अतिथि येतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, जुगनू चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, महेंद्र साहू जनपद सदस्य, रमेश साहू अध्यक्ष पिटियाझर सोसाइटी, किशन देवांगन पूर्व जनपद सदस्य, डा सुंदर साहू अध्यक्ष शेर परिक्षेत्र साहू समाज व सती साहू अध्यक्ष कर्मा जागृति महिला मंच होंगे। वहीं शाम 6 बजे से मानसगान व रात्रि 9 बजे से एकता फाग मंडली बकली कुरुद का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष हेमूराम साहू ने दी।

### विश्व क्षय रोग दिवस पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सरायपाली के स्व मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व क्षय रोग दिवस, हां हम टीबी को समाप्त कर सकते हैंः प्रतिबद्ध रहें, निवेश करें, परिणाम दें थीम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (रा) नम्रता चौबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रकाश पटेल एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ व्हीएके कोसरिया ने वर्ष 2023 में टीबी मुक्त घोषित विकासखंड सरायपाली की 49 ग्राम पंचायतों के सरपंचों, स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों को कांस्य पदक, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शीतल सिंह (विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक), टीआर धृतलहरे (बीईटीओ), विनय प्रधान (बीएएम), रामप्रकाश चौधरी (एसटीएलएस), रूपचंद साहू (एसटीएस), घनश्याम साहू (बीडीएम) सहित अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।



### नगर में 25 दिवसीय योग शिविर का हुआ शुभारंभ


**महासमुंद।** जिला महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में 25 मार्च से 19 अप्रैल तक 25 दिवसीय योग शिविर जीएडी (शासकीय आवास) कॉलोनी मचेवा में निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का शुभारंभ पूनम पटले (जिला महामंत्री महिला पतंजलि योग समिति) द्वारा किया गया। पतंजलि योग समिति की (सहयोग शिक्षक) जया साहू के नेतृत्व में इस शिविर का संचालन किया जा रहा है। इसमें भारत स्वाभिमान न्यास के जिला मीडिया प्रभारी संदीप पटले, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, महिला पतंजलि समिति के सहयोग शिक्षक सुमन यादव, सीमा सगरवंशी, द्रौपदी भोई, प्रीति, चिंतामणि साहू, भूपेंद्र सगरवंशी आदि शिविर में उपस्थित रहे। नगर व हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों से अनुरोध किया गया है कि वह इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग शिविर का लाभ लेकर अपने शरीर को स्वस्थ व निरोग बनाएं।

# सोनोग्राफी व अन्य रिकॉर्ड अपडेट नहीं करने पर अंबिका हॉस्पिटल के संचालक को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नेशनल हाईवे 53 ओडिशा रोड पर सागरपाली खरखरी के पास स्थित अंबिका हॉस्पिटल के संचालक को मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पीसी-पीएनडीटी एक्ट अंतर्गत हॉस्पिटल संचालन में विभिन्न कमियों के पाए जाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया द्वारा अंबिका हॉस्पिटल के संचालक को जारी नोटिस में कहा गया है कि विगत दिनों 22 मार्च 2025 को पीसी-पीएनडीटी


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

के तहत वे स्वयं व डॉ. छत्रपाल चंद्राकर (जिला नोडल अधिकारी) (पीसी-पीएनडीटी) द्वारा सोनोग्राफी केंद्र अंबिका हॉस्पिटल में निरीक्षण किया गया।

### हॉस्पिटल में ये पाई गई कमियां

एएनसी रजिस्टर पूर्ण नहीं थे। पीसी-पीएनडीटी एक्ट की बुक उपलब्ध नहीं थी, सोनोग्राफी स्लाइड का रिकार्ड संधारण नहीं था, पिछले 02 वर्ष का एएनसी रजिस्टर सुरक्षित नहीं रखा गया था तथा डिस्प्ले बोर्ड (सोनोग्राफी का समय) नहीं लगाया गया था। इसे लेकर हॉस्पिटल प्रबंधन से 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुतकरने कहा गया है।

### देवांश का हुआ नवोदय विद्यालय में चयन, परिवार वालों ने जताया हर्ष

**भंवरपुर।** बसना ब्लॉक अंतर्गत भंवरपुर स्थित अल्फा ओमेगा इंग्लिश मीडियम विद्यालय के छात्र देवांश प्रधान का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार मुन्ना ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा का परिणाम आया। छात्र देवांश ने इसका श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों की मेहनत को दिया। वहीं विद्यालय के प्रचार्य मुन्ना ने बताया कि इस सत्र दो छात्रों का नवोदय में चयन हुआ है, जो सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण विषय है।

## पूरे देशभर में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना का शुभारंभ

# शासकीय स्कूलों में छात्राओं को दिया जा रहा कराते का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूली छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन व भारत सरकार द्वारा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना का शुभारंभ महासमुंद जिले सहित प्रदेशभर के जिलों में हो चुका है। जिसमें शासकीय स्कूलों में छात्राओं को कराते का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ कराते संघ रेंबुकान के प्रदेश अध्यक्ष मास्टर नीलकंठ साहू ने विज्ञप्ति में बताया कि यह शासन की बहुत अच्छी योजना है। जिसमें स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को छेड़-छाड़, अपहरण लूटपाट जैसी घटनाओं का सामना करने के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना चालू किया गया है, पर परीक्षा के समय इस योजना का शुभारंभ किया गया। जिससे छात्राओं और शिक्षकों के साथ साथ पालकों के मन में भी प्रशिक्षण को लेकर असंतोष है।

शासन की इतनी अच्छी योजना जिसका इंतजार छात्राओं को बेसब्री से रहता है, क्योंकि, आज कल के माहौल को देखते हुए छात्राओं के मन में सुरक्षा के प्रति जागरूकता आ रही है, जिससे वे सजग हो गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए हमने अपने प्रशिक्षकों को तीन महीने तक स्पेशल ट्रेनिंग दिया है। जिसमें छात्राओं की सुरक्षा के साथ साथ उनके फिटनेस को भी ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कराते संघ द्वारा चुने हुए योग्य अनुभवी कराते प्रशिक्षकों के द्वारा महासमुंद सहित पूरे छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रशिक्षण कार्य संचालित



किया गया है। जिला प्रशासन शिक्षा विभाग के निर्देशन में 1 महीने चलने वाले इस प्रशिक्षण में प्रतिदिन 30 मिनट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें विशेष रूप से वुमेंस सेल्फ डिफेंस कराते मार्शल आर्ट योगा जुंबा मेडीटेशन के साथ-साथ 14 प्रकार के मार्शल आर्ट एवं नेशनल इंटरनेशनल स्तर के प्रतियोगिताओं के प्वाइंट की टेक्निकल जानकारी इंटरनेशनल कराते मास्टर नीलकंठ साहू द्वारा दिया जा रहा है। कुमिते, काता, जुकी गैरी, किहोन डाची की बारीकियों को सिखाया जा रहा है। देशभर के स्कूलों में इस योजना द्वारा कराते सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विगत कई वर्षों से जिला प्रशासन शिक्षा विभाग द्वारा यह योजना चल रही है। जिसमें पंजीकृत संस्था एवं कराते में निपुण उत्कृष्ट खिलाड़ियों को स्कूलों में कराते टीचर के रूप में रोजगार प्राप्त होता है। साथ ही पुलिस में आर्मी में नेवी में डिफेंस सेक्टर में स्कूल-कालेज जैसे शासकीय क्षेत्रों में नौकरी में प्राथमिकता दी जाती है। छत्तीसगढ़ नान बुडो कराते फेडरेशन के प्रदेश सचिव मास्टर शेखर साहू ने बताया कि दस-पंद्रह दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने विशेष प्रकार का टेक्निक सिखाया जा रहा है, जिसका उपयोग कर वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकती है। महासमुंद जिले के विभिन्न ब्लाकों में प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें उत्कृष्ट प्रशिक्षक के रूप में मास्टर नीलकंठ साहू, शेखर साहू, रीता खुशी साहू, दमयंती दामिनी नायक, जानिया चतुर्वेदी, कोमल बाग, गरिमा दुबे, फमेश्वरी सिन्हा, रागिनी साहू, चांदनी चतुर्वेदी टिकेश्वरी सिन्हा, बीना कन्नौजे, डिंपल गोस्वामी, खिलेश्वरी यादव, हिमांशु नायक, खुशबू नायक, मुस्कान साहू, रमेश ध्रुव, मेघराज ध्रुव, चंद्रहास साहू का चयन किया गया है, जिनके द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

